जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर की दिनांक 06.03.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः—

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग—1, के शा0सं0 95/छिहत्तर—2020—20 स्वजल/2010 टी0सी0—अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा—निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38—5—2010—20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति को जलापूर्ति की योजना की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है।

जनपद गौतमबुद्धनगर की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 की स्वीकृति एवं कार्यों की प्रगति हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष गाजियाबादकी अध्यक्षता में 'जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति' गौतमबुद्धनगर की बैठक दिनांक 06.03.2023 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:—

1. मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर—उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर —सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी/नामित अधिकारी —सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी—सदस्य।
5. अधिशासी अभियंता, भूगर्भ जल गौतमबुद्धनगर —सदस्य।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर —सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता, सिचांई विभाग, गौतमबुद्धनगर —सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गौतमबुद्धनगर —सदस्य।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर —सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) गौतमबुद्धनगर—सदस्य सचिव।
11. मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा—टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), के प्रोजेक्ट मैनेजर

**डी0पी0आर0 के संबध में–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2394/w-22/NIT/2020-21 दिनांक 25.01.2021 के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फ्रा—टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा—टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गौतमबुद्धनगर हेतु पत्र संख्या– LC/HO/Projects/UP_JJM/GBNagar/2022-23/254 Date:-27-02-2023 के माध्यम से 14 नग डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई है, जिनमे 15 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जल निगम कार्यालय द्वारा जाँच की गई है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाईडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सेंन्टेज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार Ultimate Design Year के लिये योजना हेतु Per Capita Cost की दर रू 9000.00 निर्धारित की गई है तथा उक्त आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टीजेन्सी तथा जी0एस0टी0 को लिया गया है। मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा—टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित **FHTC** की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0करोड़) | सैंन्टेज (रू0करोड़) | कुल लागत (रू0 करोड़) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छातंगा खुर्द एवं झुप्पा | जेवर | 2 | 560 | 5924 | 3.64 | 0.39 | 4.03 | 6150 |
| 2 | साल्हेपुर | जेवर | 1 | 416 | 3207 | 1.92 | 0.20 | 2.12 | 5984 |
| 3 | मकनपुर खादर | जेवर | 1 | 443 | 3416 | 2.18 | 0.23 | 2.41 | 6375 |
| 4 | मेहन्दीपुर खादर | जेवर | 1 | 125 | 813 | 1.23 | 0.13 | 1.36 | 15125 |
| 5 | नंगला चीति | जेवर | 1 | 162 | 1054 | 1.42 | 0.15 | 1.57 | 13491 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नांगोली | जेवर | 1 | 251 | 1627 | 1.76 | 0.19 | 1.95 | 10840 |
| | सरकपुर | जेवर | 1 | 251 | 1931 | 1.65 | 0.18 | 1.83 | 8560 |
| | राजपुर कला | जेवर | 1 | 498 | 3229 | 2.62 | 0.28 | 2.90 | 8120 |
| 9 | कुड़ी खेड़ा | बिसरख | 1 | 577 | 3758 | 2.65 | 0.28 | 2.93 | 7041 |
| 10 | इस्लामाबाद कल्दा | बिसरख | 1 | 333 | 2175 | 1.86 | 0.20 | 2.06 | 8992 |
| 11 | फूलपुर | दादरी | 1 | 394 | 2551 | 1.99 | 0.21 | 2.20 | 7785 |
| 12 | दादूपुर खटाना | दादरी | 1 | 275 | 1789 | 1.85 | 0.20 | 2.05 | 10337 |
| 13 | मुतियानी | दादरी | 1 | 289 | 1890 | 1.69 | 0.18 | 1.87 | 8937 |
| 14 | रसूलपुर डासना | दादरी | 1 | 491 | 3208 | 2.02 | 0.21 | 2.24 | 6312 |

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार डी0पी0आर0 में (1) योजना की प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से कम होनी चाहिए (2) योजना में एकल ग्राम हेतु प्रति गृह संयोजन ( FHTC) लागत रू0 35000 से कम होनी चाहिए तथा बहुल ग्राम हेतु प्रति गृह संयोजन ( FHTC) लागत रू0 65000 से कम होनी चाहिए (3) प्रति किलोमीटर वितरण प्रणाली की लागत रू0 15.00 लाख से कम होनी चाहिए।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया उपरोक्त समस्त 14 नग प्रस्तुत 14 नग डी0पी0आर0 में से 01 नग डी0पी0आर0 (02 नग ग्राम) क्रमांक (1). छातंगा खुर्द एवं झुप्पा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप है तथा कम्पलाईन है। शासनादेश संख्या–07 / 2022 / 430 / छिहत्तर–1–2022–25सम / 2019 दिनांक 04.03.2022 के अनुसार उपरोक्त 01 नग डी0पी0आर0 (02 ग्राम) मानक के अनुरूप हाने तथा डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से कम होने के कारण उक्त छांतगा खुर्द एव झुप्पा की 01 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रदान करते हुए उक्त डी0पी0आर0 को स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्त मानको के अनुरूप नही पाई गई अवशेष 13 नग डी0पी0आर0 में से 04 नग डी0पी0आर0 में प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से अधिक है, तथा समस्त 13 नग डी0पी0आर0 में प्रति गृह संयोजन ( FHTC) लागत रू0 35000 से अधिक है जिस कारण से उक्त समस्त 13 नग डी0पी0आर0 निर्धारित मानको के अनुरूप नही है। उक्त समस्त 13 नग डी0पी0आर0 की कार्यालय जल निगम (ग्रामीण) गौतमबुद्धनगर द्वारा विस्तृत रूप से जॉच करने पर भी उक्त 13 नग डी0पी0आर0 को मानक के अनुरूप लाना सम्भव नही हैं । मानक के अनुरूप नही पाई गई डी0पी0आर0 के मानक में नही होने का विवरण एवं कारण निम्नानुसार है–

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | वर्क कॉस्ट (रू0 करोड़) | सैंन्टेज (रू0 करोड़) | कुल लागत (रू0 करोड़) | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | प्रति व्यक्ति लागत रू0 में डिजाईन वर्ष 2052 हेतु मानक रू0 9000 के सापेक्ष | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | प्रति FHTC की लागत मानक रू0 35000 के सापेक्ष | प्रति कि0मी0 की लागत मानक रू0 15 लाख के सापेक्ष | मानक के अनुरूप नही होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साल्हेपुर | जेवर | 1.92 | 0.20 | 2.12 | 3207 | 5984 | 416 | 46154 | 8.673 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |
| 2 | मकनपुर खादर | जेवर | 2.18 | 0.23 | 2.41 | 3416 | 6375 | 443 | 49210 | 9.968 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |
| 3 | मेहन्दीपुर खादर | जेवर | 1.23 | 0.13 | 1.36 | 813 | 15125 | 125 | 98400 | 6.136 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC तथा प्रति व्यक्ति लागत |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | मानक के अनुरूप नही है |
| | नगला चीति | जेवर | 1.42 | 0.15 | 1.57 | 1054 | 13491 | 162 | 87654 | 8.791 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC तथा प्रति व्यक्ति लागत मानक के अनुरूप नही है |
| 5 | चांगोली | जेवर | 1.76 | 0.19 | 1.95 | 1627 | 10840 | 251 | 70119 | 9.994 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC तथा प्रति व्यक्ति लागत मानक के अनुरूप नही है |
| 6 | सरकपुर | जेवर | 1.65 | 0.18 | 1.83 | 1931 | 8560 | 251 | 65737 | 8.606 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |
| 7 | राजपुर कला | जेवर | 2.62 | 0.28 | 2.90 | 3229 | 8120 | 498 | 52610 | 8.834 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |
| 8 | कुडी खेडा | बिसरख | 2.65 | 0.28 | 2.93 | 3758 | 7041 | 577 | 45927 | 8.530 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |
| 9 | इस्लामाबाद कल्दा | बिसरख | 1.86 | 0.20 | 2.06 | 2175 | 8992 | 333 | 55856 | 13.74 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |
| 10 | फूलपुर | दादरी | 1.99 | 0.21 | 2.20 | 2551 | 7785 | 394 | 50507 | 10.528 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ...पुर ...टाना | दादरी | 1.85 | 0.20 | 2.05 | 1789 | 10337 | 275 | 50875 | 9.849 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC तथा प्रति व्यक्ति लागत मानक के अनुरूप नही है |
| 12 | मुतियानी | दादरी | 1.69 | 0.18 | 1.87 | 1890 | 8937 | 289 | 58477 | 12.580 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |
| 13 | रसूलपुर डासना | दादरी | 2.02 | 0.21 | 2.24 | 3208 | 6312 | 491 | 41140 | 10.023 | आबादी तथा घरों की सख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है |

अतः उपरोक्त एजेण्डा के अनुसार मुख्य अभियंता (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ के द्वारा तकनीकी रूप से स्वीकृत परन्तु मानक के अनुरूप नही पाई गई उपरोक्त समस्त 13 नग डी0पी0आर0 को भी जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गौतमबुद्धनगर द्वारा जॉच एवं स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गौतमबुद्धनगर द्वारा तत्काल समस्त 14 नग डी0पी0आर को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने हेतु पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

बैठक धन्यवाद सहित समाप्त हुई।

06/03/2023

अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर
सदस्य सचिव।

जिला सूचना एंव
जन सम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर
सदस्य।

जिला कृषि अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

अधिशासी अभियंता सिचांई,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

13/3/23

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

प्रभागीय वनाधिकारी
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

जिला विकास अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

मुख्य विकास अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर, उपाध्यक्ष।

14/3/23

जिलाधिकारी
गौतमबुद्धनगर अध्यक्ष

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर।

14/3/2023